प्रेस नोट

दिनांक 01.04.2026

अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा जवारा जुलूस एवं मेले के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण।

आज दिनांक 01.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा थाना मुस्करा क्षेत्र में आयोजित मेले एवं निकलने वाले जवारा जुलूस के दृष्टिगत भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर तैनात पुलिस बल की ड्यूटी का निरीक्षण किया गया। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों की सतर्कता, एवं अनुशासन की जांच करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए कि वे पूर्ण सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, ताकि कार्यक्रम सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के भी निर्देश दिए गए साथ ही मेला समिति एवं जवारा जुलूस के आयोजकों/कमेटी के सदस्यों से वार्ता की गई। उन्होंने आयोजकों से समन्वय बनाए रखते हुए कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील की तथा सभी से पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा एवं थाना प्रभारी मुस्करा सहित अन्य पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।